# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: IX | Department: Hindi | Date of submission: NA |
|---|---|---|
| Revision Worksheet - 2 | Topic: अपठित गद्यांश एवं व्याकरण-उत्तर | Note: Pl. file in portfolio |

**प्रश्न - (क) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

ऊँची पर्वत श्रृंखलाओं की बरफ़ीली चोटियों के स्पर्श से शीतल हुई हवा सबसे बेखबर अपनी ही मस्ती में सुबह-सुबह बहती जा रही थी। जब वह जंगलों के बीच से गुजर रही थी, तो फूलों से लदी खूबसूरत वन लता ने अपने रंग भरे शृंगार को झलकाते हुए कहा, ओ शीतल हवा! तनिक मेरे पास आओ और रुको। ताकि मेरी खुशबू से ओतप्रोत होकर इस संसार को शीतलता ही नहीं, सुगंधित भी कर सको लेकिन गर्व से भरी वायु ने सुगंध बाँटने को आतुर लता की प्रार्थना नहीं सुनी और कहा, मैं यूँ ही सबको शीतल कर दूँगी, मुझे किसी से कुछ और लेने की ज़रूरत नहीं है। फिर वह इठलाती हुई आगे बढ़ गई। पर कुछ ही देर बाद हवा वापस वहीं लौटकर आ गई, जहाँ वन लता से उसका वार्तालाप हुआ था। उसकी चंचलता खत्म हो चुकी थी और वह उदास थी। वह चुपचाप उस लता के समीप बैठ गई। हवा को इस हाल में देखकर वन लता ने पूछा, अभी कुछ देर पहले ही तो तुम यहाँ से गुज़री थी और खुश लग रही थी। अब इतनी उदास दिखाई पड़ रही हो, क्या बात है? क्या मैं तुम्हारी कुछ मदद कर सकती हूँ? यह सुनकर हवा की आँखों से आँसू झरने लगे। उसने कहा, मैंने अहंकारवश तेरी बात नहीं सुनी और न तेरी खुशबू को ही साथ लिया, लेकिन जैसे ही आगे बढ़ी, गंदगी और बदबू में घिर गई। किसी तरह वहाँ से बचकर आगे बढ़ी और घरों तक पहुँची, लेकिन वहाँ किसी ने मेरा स्वागत नहीं किया। लोगों ने अपने घरों की खिड़कियाँ और दरवाजे बंद कर लिए। इसमें उनका भी कोई दोष नहीं था।उस गंदे क्षेत्र से गुजरने के कारण मुझमें दुर्गंध व्याप्त हो गई थी। भला दुर्गंधयुक्त वायु का कोई कैसे स्वागत करता?

**प्रश्नः 1. हवा को अपनी शीतलता पर घमंड क्यों था ?**

{ख} हवा सबसे बेखबर मस्ती में बहे जा रही थी ।

**प्रश्नः 2. लता ने हवा से क्या प्रार्थना की ?**

{ख} सुगंध बाँटने की ।

**प्रश्नः 3. हवा कुछ देर बाद लता के पास चुपचाप क्यों बैठ गई ?**

{ग} हवा उदास हो गई थी ।

**उपर्युक्त गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए -**

**प्रश्नः 4. लोगों ने हवा का स्वागत क्यों नहीं किया?** **2**

**उत्तर -** लोगों ने हवा का स्वागत नहीं किया क्योंकि हवा बदबू से घिर गई थी और सब बदबू से बचना चाहते हैं I कोई बदबू को पसंद नहीं करता I

**प्रश्नः 5. लोगों ने घरों की खिड़कियाँ क्यों बंद कर लीं ?** **2**

**उत्तर -** लोगों ने घरों की खिड़कियाँ बदबू से बचने के लिए बंद कर लीं। वे नहीं चाहते थे कि उनके घर बदबू से भर जाएँ।

**{ख} }क{ संधि कीजिए-** **6**

**सत्य + अर्थ = ... सत्यार्थ ..... I** **परा + अस्त = ... परास्त .... I**

**कपि + ईश = ... कपीश ... I** **नदी + ईश = ... नदीश ... I**

**कवि + इंद्र = ... कवीन्द्र ... I** **विद्या + आलय = .. विद्यालय ... I**

**}ख{ संधि विच्छेदकीजिए-** **4**

परमानंद = परम + आनंद ।

महेंद्र = महा + इंद्र ।

देवोत्सव = देव + उत्सव ।

वधूत्सव = वधु + उत्सव ।

**}ग} उपयुक्त विराम चिह्न लगाइए-** **3**

}१{ डाक्टर ने कहा, "दवा लेते जाओ I"

}२} भगवान श्री कृष्णने कहा था, "आत्मा अजर, अमर है I"

{३} अमन, चमन, रमेश और मंतेश चले जाएँ।



**************************************************************